<u>संदेश</u>

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ भारत का एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है | इस विश्वविद्यालय की आत्मा में बाबासाहेब अम्बेडकर का जीवन, उनके कर्म एवं विचार हैं | बाबासाहेब के आदर्शों के अनुरूप ही यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय है | यह विश्वविद्यालय विशेषकर समाज के हासिए के वर्गों की शैक्षिक चेतना के उन्नयन में प्रयास करता है और साथ ही देश की शिक्षा पद्धति में उनके हितार्थ अभिनव संकल्पनाओं, विचारों का सन्निवेश करता है | इस अर्थ में इस विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय भूमिका अन्य विश्वविद्यालयों से भिन्न एवं अत्यंत व्यापक है |

आवासीय कोचिंग अकादमी (RCA) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक कल्याणकारी कदम है जिसे यह विश्वविद्यालय आगे बढ़ाता है | इस अकादमी के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग एवं महिलाओं की शिक्षा हेतु विशेष प्रयास किये जाते हैं | उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं (civil services, banking, ssc etc.) के अनुरूप गढ़ा जाता है | अत्यधिक प्रतियोगी होते जाते इस समय में उन्हें निःशुल्क कक्षाओं के माध्यम से सशक्त बनाया जाता है | इस हेतु आर.सी.ए. बेहतरीन प्रशिक्षकों की सहयता लेता है एवं इन विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ भी प्रदान करता है | आर.सी.ए. अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है एवं उससे निकलने वाले सर्वोत्तम छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षित करता है |

प्रतिबद्ध प्रतियोगी विद्यार्थियों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी (RCA,BBAU) एक संभावनाशील एवं रचनात्मक जगह है जिसका लाभ उन्हें अवश्य उठाना चाहिए |

(डॉ. सर्वेश सिंह)
उप-निदेशक, आर.सी.ए.
बीबीएयू, लखनऊ